अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में दिनांक 05–02–2015 को बी.सी.ए व बी.वॉक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग, प्रवक्ता श्रीमती मोहिनी वर्मा व श्रीमती प्रीति गोयल ने किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में यह भ्रमण किया गया. इस भ्रमण में खेतान इलैक्ट्रिकल्स लिमिटिड, फरीदाबाद के जरनल मैनेजर श्री जे.पी. गुप्ता ने अपना सहयोग दिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन मेन्टेनेन्स ऑफिसर श्री मेनपाल सिंह ने किया.

श्री मेनपाल सिंह ने खेतान इलैक्ट्रिकल्स लिमिटिड के विभिन्न विभागों जैसे मैनुफैक्चरिंग, मार्किटिंग, एच. आर., आर एड डी, आई.टी तथा फाइनेन्स विभाग का भ्रमण कराया. इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम्पनी की संपूर्ण कार्यप्रणाली से अवगत कराना था.

श्री मेनपाल सिंह ने बताया कि यहाँ पर डोमेस्टिक पम्प के स्पेयर पार्टस पर पॉउडर की कोटिंग की जाती है. उसके बाद बाइन्डिग करके उसको पानी द्वारा टेस्ट किया जाता है. यहॉ पर डोमेस्टिक पम्प के 15 मॉडल्स उपलब्ध हैं. यहॉ पर औद्योगिक पंखे भी बनाए जाते है और कूलर के पंखों को अमेरिका तक निर्यात किया जाता है.

उसके बाद आई.टी सेक्शन के हेड श्री अरविन्द से भेंट हुई. उन्होंने बताया कि सारा कार्य कम्प्यूटर के द्वारा सर्वर पर स्टोर किया जाता है. कम्प्युटर का कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर वी.बी. और ऑरेकल में वर्णित है. संपूर्ण कार्य कम्प्यूटर के द्वारा किया जाता

है.

इस औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने समस्त कम्प्यूटर विभाग के प्रवक्तागणों व विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी समय–समय पर विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए इसी तरह के अन्य औद्योगिक भ्रमण होते रहने चाहिए.